हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 31 जनवरी 2026

11 संत रविदास की वाणी आज भी प्रासंगिक: कुलपति



12 गांधी जी का जीवन हमें सादगी, त्याग और सेवा की प्रेरणा देता : जोड़ा



**खबर संक्षेप**

### हेरोइन सहित बाइक सवार युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद पुलिस ने बाईक सवार युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र ने बताया कि सब-इंस्पेक्टर शिशपाल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गश्त एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु फतेहाबाद से गांव ढाबी कलां और जांडवाला बागड़ होते हुए भट्टूकलां की ओर जा रही थी। जब पुलिस टीम रेस्ट हाउस, भट्टू कलां के समीप पहुंची, तो सामने से आ रहा एक मोटरसाइकिल सवार पुलिस की सरकारी गाड़ी को देखकर घबरा गया।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 2 से 6 तक

**फतेहाबाद।** महानिदेशक, रोजगार विभाग, हरियाणा के आदेशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 2 से 6 फरवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान बेरोजगार प्रार्थियों को स्वयं रोजगार, व्यावसायिक योजनाओं व प्रशिक्षण सुविधाओं बारे जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने बेरोजगार प्रार्थियों से अपील की है कि वे अपने पढ़ाई के मूल प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं।

### 11 लाख के गबन के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** इंडसइंड बैंक की सहायक कंपनी भारत फाइनेंस इन्क्लूसन लिमिटेड में फर्जीवाड़े के जरिए करीब 10 लाख 79 हजार 786 रुपये का गबन करने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद पुलिस ने दूसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इकनोमिक सैल प्रभारी निरिक्षक सन्दीप ने बताया कि कंपनी के शाखा प्रबंधक ओम प्रकाश बैरवा ने शिकायत में बताया था कि उनकी कंपनी में कार्यरत तीन कर्मचारियों ने मिलकर साजिश के तहत कंपनी के साथ धोखाधडी करके 10,79,786 रुपये गबन कर लिए है।

### अपहरण व दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नाबालिगा का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जसविंद्र सिंह निवासी जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। महिला उप निरीक्षक ने बताया कि बीती 28 अगस्त को पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कोई अज्ञात युवक उसकी नाबालिगा लड़की को रात्रि के समय बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

### गांव फूलकां में ग्रामीणों को करवाया योग

**सिरसा।** आयुष विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार अभियान 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को गांव फूलकां के राजकीय स्कूल, व्यायामशाला एवं खेल परिसर में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग सहायक साहिल कुमार ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को सूर्य नमस्कार की सही विधि के बारे में जानकारी दी और इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करने से शरीर स्वस्थ और स्फूर्तिवान रहता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। इसके साथ ही यह मोटापा, तनाव, थकान और मानसिक अवसाद को कम करने में भी सहायक है। इस अवसर पर विद्यार्थियों, ग्रामीणों एवं खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

## फाल्गुन माह 2 फरवरी से, पूजा-दान व साधना का मिलता है कई गुना फल

महाशिवरात्रि और होली जैसे बड़े त्योहार भी फाल्गुन महीने में आएंगे, होलिका दहन 3 और फाग 4 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सनातन धर्म में फाल्गुन मास को बेहद पावन और फलदायी माना गया है। यह साल का अंतिम महीना होता है और इसी महीने में महाशिवरात्रि और होली जैसे बड़े पर्व आते हैं, जो इसे और भी खास बना देते हैं। मान्यता है कि फाल्गुन माह में की गई पूजा, दान और साधना का फल कई गुना होकर मिलता है। यही वजह है कि इस महीने को आध्यात्मिक उन्नति और सौभाग्य बढ़ाने वाला माना गया है। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास माघ पूर्णिमा के अगले दिन से शुरू होता है। साल 2026 में फाल्गुन माह की शुरुआत 2 फरवरी से हो रही है और यह 3 मार्च तक रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रकृति में भी बदलाव देखने को मिलता है और धार्मिक दृष्टि से यह समय बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। फाल्गुन माह को दान-पुण्य के लिए भी उत्तम माना गया है। इस महीने महाशिवरात्रि, होली और विजया एकादशी जैसे प्रमुख व्रत-त्योहार आते हैं। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना का पर्व है, जबकि होली आनंद और प्रेम का प्रतीक है। मान्यता है कि इस माह में अन्न, वस्त्र, धन और जरूरतमंदों को दी गई सहायता से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

### मांस, मदिरा, लहसुन और प्याज से दूरी बनाए रखना शुभ

#### फाल्गुन में भूलकर भी न करें ये काम

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि फाल्गुन मास को पवित्र माना गया है, इसलिए इस दौरान सात्विक जीवनशैली अपनाने की सलाह दी जाती है। मांस, मदिरा, लहसुन और प्याज जैसी तामसिक चीजों से दूरी बनाए रखना शुभ होता है। साथ ही किसी के प्रति ईर्ष्या, द्वेष या बुरा सोचने से भी बचना चाहिए। मान्यता है कि इस महीने नकारात्मक सोच और गलत कर्म करने से पुण्य के बजाय दोष बढ़ता है।

#### फाल्गुन महीने में करें शुभ कार्य



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार इस माह में भगवान श्रीकृष्ण और भगवान शिव की पूजा करना विशेष फलदायी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, फाल्गुन में चंद्र देव का जन्म हुआ था, इसलिए चंद्र देव की पूजा का भी महत्व है। रोजाना महादेव की पूजा करें और शिवलिंग का जल, दूध, बेलपत्र आदि से अभिषेक करें। इसके साथ ही अन्न, धन और वस्तुओं का दान करें। पितरों की कृपा पाने के लिए फाल्गुन माह में तर्पण और विशेष दान करना भी शुभ माना गया है। ऐसा करने से परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं।

## ज्वैलरी शॉप का शटर तोड़कर लाखों का सामान उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली



सिरसा। मौके पर जांच करती पुलिस टीम।

**नौ लाख रुपये के आभूषण व नकदी चोरी**

शहर में चोरों ने एक ज्वैलरी शॉप का शटर काटकर करीब नौ लाख रुपये के आभूषण व नकदी चुरा ली। इसके अलावा चोरों ने एक करियाणा की दुकान में भी सेंधमारी की। चोरी की वारदात के बाद दुकानदारों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। ज्वैलरी शॉप संचालक राजेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों ने शुक्रवार अलसुबह घटना को अंजाम दिया। वह दुकान पर पहुंचा तो शटर खुला था। चोर दुकान से करीब दो किलो चांदी व कुछ सोने के आभूषण तथा हजारों रुपये की नकदी भी चुरा ले गए। इसके अलावा चोरों ने एक करियाणा शॉप को भी निशाना बनाया और यहां से करीब 12 हजार रुपये की नकदी चुरा ले गए। पुलिस को जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे में तीन युवक दिखाई दे हैं।



## निलंबित किए दो लाइनमैनों को बहाल करने के निर्देश

- जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवहन मंत्री ने सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा के ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को सिरसा में जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतों पर सुनवाई की। उन्होने सुचान गांव में सीधी तार जोड़ने के मामले में निलंबित किए गए दो लाइनमैनों को बहाल करने के निर्देश दिए। हिसार जिले के उकलाना कस्बा में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के चलते ट्रैफिक की आ रही समस्या पर भी बिजली मंत्री अनिल विज ने संज्ञान लेते हुए सिरसा के उपायुक्त व बीएंडआर विभाग के एक्सईएन को भी संबंधित अधिकारियों से पत्राचार कर सडक़ों को वाहनों के लिए शीघ्र ही दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि जब उनका काफिला गांव की गलियों से गुजर कर आया तो उन्हें महसूस हुआ कि जहां एक तरफ बच्चे खेल रहे हैं, वहीं इन सडक़ों पर इतना भारी ट्रैफिक गुजर रहा है, जिससे वहां रहने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**पत्रकारों से की बातचीत**

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा रोडवेज की बसों में ट्रैकिंग सिस्टम लगवाया जाएगा जिसमें यात्रियों को बस की सही लोकेशन का पता चल पाएगा, वहीं चालक भी बस को इधर-उधर से नहीं निकाल पाएगा। कांग्रेस द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में किए जा रहे धरना-प्रदर्शन को लेकर विज ने कहा कि कांग्रेस को नाम और विकास से नफरत है और 60 साल में कांग्रेस ने न तो बेरोजगारी दूर की और न ही गरीबी। अब जब राम मंदिर की स्थापना भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने की तो कांग्रेस को रामजी के नाम से भी नफरत होने लगी है।

### चिराग योजना : 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को लाभ, 13 से 30 मार्च तक करें आवेदन

## अब प्राइवेट स्कूलों में पढ़ेंगे गरीब परिवारों के बच्चे, सरकार उठाएगी फीस का खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

**15 फरवरी तक स्कूलों को पोर्टल पर सीटों की जानकारी अपलोड करनी होगी**

शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए चिराग योजना के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के दाखिले को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना का लाभ सरकारी स्कूलों में पढने वाले उन विद्यार्थियों को मिलेगा, जिनकी परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है। विभाग ने दाखिले को लेकर शेड्यूल भी जारी किया है। योजना के अंतर्गत छठी से 12वीं कक्षा के बच्चों को प्राइवेट स्कूल में दाखिला दिलाया जाएगा। विभाग ने स्कूलों को 15 फरवरी तक पोर्टल पर कक्षावार सीटों का ब्योरा अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नोटिस बोर्ड पर सीटों से संबंधी जानकारी दर्शानी होगी।




फतेहाबाद। राजकीय स्कूल भट्टूकलां। फोटो: हरिभूमि

**स्कूलों को दी जानकारी**

शिक्षा विभाग ने चिराग योजना के अंतर्गत नए सत्र के लिए प्राइवेट स्कूलों में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया है। प्राइवेट स्कूलों को 15 फरवरी तक कक्षावार सीटों का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करना होगा। शेड्यूल के बारे में स्कूलों को जानकारी दे दी गई है, ताकि स्कूल समय पर पोर्टल पर सीटें अपलोड कर सकें। -संगीता बिश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी, फतेहाबाद

चिराग योजना के तहत दाखिले के लिए विद्यार्थी 13 से 30 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सरकार की तरफ से निर्धारित फीस प्राइवेट स्कूलों को दी जाएगी। इसके लिए विभाग की तरफ से गाइडलाइन भी जारी की है। बता दें कि मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में दाखिला लेने वाले छात्रों की फीस प्रदेश सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

**विभाग की तरफ से जारी शेड्यूल**

- ⏭प्राइवेट स्कूलों को 15 फरवरी तक पोर्टल पर सीटें अपलोड करनी होंगी।
- ⏭10 मार्च से स्कूलों को नोटिस बोर्ड पर सीटें दर्शानी होंगी।
- ⏭13 से 30 मार्च तक पात्र छात्र दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगे।
- ⏭1 से 5 अप्रैल तक दाखिले के लिए ड्रा निकाला जाएगा। 15 अप्रैल तक स्कूलों को दाखिला प्रक्रिया संपन्न करनी होगी।
- ⏭16 से 30 अप्रैल तक खाली सीटों पर वेटिंग लिस्ट में शामिल छात्रों को दाखिला देना होगा।
- ⏭30 अप्रैल तक स्कूलों को विद्यार्थियों का विवरण पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

**आवेदन जमा करके स्कूल को देनी होगी रसीद**

चिराग योजना के अनुसार छात्र जिस भी ब्लॉक के स्कूल के सरकारी स्कूल में पढ़ रहा है, उसी खंड के मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने के लिए आवेदन कर सकता है। एक छात्र एक से अधिक स्कूलों में भी आवेदन कर सकता है। जिस भी स्कूल में बच्चा आवेदन करेगा, स्कूल की तरफ से आवेदन जमा करने की रसीद दी जाएगी। आवेदन करने वाले छात्र के परिवार की परिवार पहचान पत्र में इनकम सत्यापित होनी चाहिए। दाखिला होने पर बच्चे को पिछली कक्षा का एसएलसी लेना होगा। विभाग ने स्कूलों को एमआईएस पोर्टल पर बच्चों का डेटा अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

## गोवंश ले जा रही गाड़ी को पकड़ा

- गो तस्करी का भंडाफोड़, आरोपी चालक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

गो रक्षा दल की टीम ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गो तस्करी के एक मामले का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मेवात जा रही एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा, जिसमें गोवंश ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दिल्ली के सुरसपुर निवासी सुमित नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उक्त पिकअप गाड़ी से एक गाय और दो बैल बरामद किए हैं। गौ रक्षा दल के प्रधान साहिल गिल ने बताया कि उन्हें पंजाब से मेवात गोकशी के लिए गोवंश ले जाने की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर टीम ने आरोपी को काबू किया और गोवंश को मुक्त कराया। साहिल गिल के अनुसार, आरोपी सुमित गोवंश को पंजाब के लहरा से भरकर मेवात ले जा रहा था। गौ रक्षा दल ने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



टोहाना। गौवंश ले जाते पकड़ा गया पिकअप चालक। फोटो: हरिभूमि

**मामला दर्ज**

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसे गौवंश ले जाने के लिए 12 हजार रुपये किराया देने की बात कही गई थी। पुलिस ने आरोपी सुमित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा और एक दिन के रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ की जाएगी।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने की बजट टोली की जिला स्तरीय नियुक्तियां

**फतेहाबाद।** भाजपा द्वारा संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बजट टोली की जिला स्तरीय नियुक्तियां की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला फतेहाबाद की विभिन्न विधानसभाओं के लिए संयोजक एवं सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्तियों के माध्यम से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं बजट से जुड़े विषयों पर जनसंपर्क को मजबूत किया जाएगा। जारी सूची के अनुसार विज्ञानसागर बाघला को रतिया विधानसभा से संयोजक नियुक्त किया गया है,सविता टुटेजा व ललित जग्गा को फतेहाबाद विधानसभा से सह संयोजक, बिट्टू गुर्जर को रतिया विधानसभा से सह संयोजक नियुक्त किया है।

## घटिया गुणवत्ता के राशन पर नाराजगी

- मिड डे मील में खामियों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

मिड डे मील में आवश्यकता से अधिक व घटिया गुणवत्ता का राशन आने को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक ने कड़ी नाराजगी जताई है। संघ प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सचिव पूनम कुमारी की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात के बाद लिखित ज्ञापन दिया है। खंड सचिव विनोद सिल्ला ने बताया कि प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में दिसम्बर के अंत व जनवरी में जो राशन भेजा गया है, उसकी गुणवत्ता मानक विहीन व निम्न स्तर की है। गुड़ व सोया चूरा में फफूंद लगी हुई है व गुड़ पिघला हुआ है। सरसों का तेल जो सामान्यतः जमता नहीं है लेकिन यह मोम की तरह जमा हुआ है। मसालों में अत्यधिक मिलावट है व इस्तेमाल के लिए कोई निर्धारित मापदंड भी नहीं दिए गए हैं। इस तेल के मूल्य बारे कोई जानकारी नहीं दी गई है जिससे मासिक खर्च का हिसाब लगाया जा सके।



टोहाना। खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

### भट्टू कलां में किया पैदल भ्रमण, अधिकारियों को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के आदेश

## एसपी ने थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा, स्कैन कर जांची फीडबैक प्रणाली

नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों से सीधा संवाद कर उनकी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने शुक्रवार को भट्टूकलां शहर में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यह पैदल भ्रमण बैनिवाल मेडिकल हॉल, हिसार रोड, भट्टू कलां से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों व मुख्य मार्गों से होते हुए संपन्न हुआ।पैदल भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने शहर की यातायात व्यवस्था, बाजारों में भीड़ प्रबंधन, पुलिस गश्त तथा संदिग्ध गतिविधियों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों से सीधा संवाद कर उनकी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों, सुझावों और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान डीएसपी भट्टू कलां संजय सिंह, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी साथ मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने थाना भट्टूकलां का भी विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने थाना में शिकायतकर्ताओं की सुविधा और फीडबैक के लिए लगाए गए डिजिटल स्कैनर की जांच की।



भट्टूकलां। बाजारों में पैदल भ्रमण करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो: हरिभूमि

**संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें**

पैदल भ्रमण के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बढ़ाई जाए तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। एसपी ने कहा कि पुलिस का प्राथमिक दायित्व आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार, त्वरित सुनवाई और पारदर्शी कार्यप्रणाली पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था और ड्यूटी में कोताही बरतने वाले किसी भी कर्मचारी के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सिरसा की बेटी बीसीसीआई के फाइनल ट्रायल के लिए आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

**अंजलि ने प्रतिभा के बल पर खींचा ध्यान**

सिरसा की एक बेटी ने अपनी प्रतिभा के बल पर बीसीसीआई को उसके खेल की तरफ आकृष्ट किया है। शानदार खेल प्रदर्शन के आधार पर बीसीसीआई अब सिरसा के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर छोरे कनिष्क चौहान के बाद सिरसा की बेटी अंजलि को अंडर-19 आयु वर्ग में फाइनल ट्रायल के लिए मुंबई बुलाने के लिए बाध्य हुआ है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बेनीवाल व अंजलि के प्रशिक्षक शंकर सैनी ने क्रिकेटर अंजलि को उसके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। बीसीसीआई ने बीते दिसंबर माह में पूरे देश में करीब 15 मुख्य शहरों में महिला क्रिकेट में बेहतर खिलाडियों के चयन के लिए ओपन ट्रायल लिए गए थे जिसमें अंडर-19 व अंडर-23 आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल थे। अंजलि पिछले चार सालों से शहीद भगत सिंह स्टेडियम में क्रिकेट प्रशिक्षक शंकर सैनी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही है।



डा. वेद बैनीवाल अंजलि को बधाई देते हुए।




# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

# भूमि शेयर किया भावुक नोट



एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।

## हॉलीवुड मसाला



# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

## टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं। जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।



## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ⏭ मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमले का तीसरा नाबालिग आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** आपसी रंजिश के चलते एक युवक पर तेजधार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में थाना भूना पुलिस ने तीसरे नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी उप निरिक्षक औमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता पिन्टु पुत्र बाबूलाल निवासी भुना ने शिकायत दी कि नामजद आरोपियों द्वारा किसी बात को लेकर उसको रास्ता रोककर उसे गालियां दीं और उस पर छुरी से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित के ब्यान और एमएलआर रिपोर्ट के आधार पर थाना भूना में मामला दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

### सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया

**फतेहाबाद।** आयुष विभाग द्वारा चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत लघु सचिवालय द्वितीय खंड में स्थित शिक्षा विभाग कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बताया कि योग को हमें नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए जिससे हमारे शारीरिक, मानसिक विकास दूर होते हैं। सूर्य नमस्कार अभियान के दौरान योग सहायकों की टीम द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को द्वारा सूक्ष्म क्रियाएं, सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान आदि की क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया।

### 10.25 ग्राम हेरोइन सहित युवक दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त के दौरान थेहड़ मोहल्ला क्षेत्र से एक युवक को 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान थेहड़ मोहल्ला सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का होगा आयोजन

**सिरसा।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 2 से 06 फरवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।जिला रोजगार अधिकारी डा. राजेश कुमार ने बताया कि कार्यालय की ओर से विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पूर्वाह्न सत्र में व्यावसायिक मार्गदर्शन संबंधी व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। वहीं दोपहर बाद इच्छुक युवक-युवतियां जिला रोजगार कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर रोजगार एवं करियर से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने भविष्य से जुड़े सही करियर विकल्पों की जानकारी प्राप्त करें।

### जिला सीनियर रग्बी चैम्पियनशिप कल

**हिसार।** हिसार रग्बी एसोसिएशन द्वारा गांव किनाला में लड़के और लड़कियों की जिला सीनियर रग्बी चैम्पियनशिप 1 फरवरी को करवाई जाएगी जिसमें जिला के लड़के और लड़कियां भाग ले सकती हैं। हिसार रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण उड़ान ने बताया कि इसमें ओपन वर्ग में जिसका जन्म 2007 से पहले हुआ है, वो खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। एक दिवसीय इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ियों को अपने मूल दस्तावेज और उनकी प्रतिलिपि लेकर निश्चित दिन सुबह 10 बजे पहुंचना होगा। प्रतियोगिता के दौरान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला की टीमों का चयन किया जाएगा।

## महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों को भेजा पत्र

# नशे को बढ़ावा देने वाले गानों पर तुरंत प्रतिबंध लगाए सरकार : भवानी सिंह

■ कहा-यूथ के भविष्य से खिलवाड़ बंद हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशा मुक्ति की दिशा में काम कर रहे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर नशे को महिमामंडित करने वाले गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ट्रस्ट के संस्थापक और अध्यक्ष भवानी सिंह ने पत्र के माध्यम से युवाओं पर पड़ रहे इन गीतों के नकारात्मक प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त की है और कहा कि ऐसे गाने हमारे युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में इन पर तुरंत रोक लगनी चाहिए।हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी व पंजाब के सीएम भगवंत मान को लिख पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान समय में बनाए जा रहे हरियाणवीं और पंजाबी गीतों में अफीम, शराब, चरस और सुल्फा जैसे घातक नशीले पदार्थों को बहुत ही आकर्षक और सामान्य तरीके से पेश किया जा रहा है।

अध्यक्ष भवानी सिंह का कहना है कि युवा वर्ग इन गीतों से प्रेरित होकर नशे की ओर अग्रसर हो रहा है, जिससे उनका भविष्य अंधकार में डूब रहा है। उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग इन गीतों को सुनकर और देखकर इनसे प्रेरित होकर नशे की ओर अग्रसर हो रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य हर दिन खतरे में पड़ रहा है।

### मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र



मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में भवानी सिंह ने कहा कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले एक वर्ष से हरियाणा में नशे के विरुद्ध निरंतर अभियान चला रहा है। गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया जा रहा है। नशे की लत के शिकार युवाओं और बच्चों का उपचार करवाकर उन्हें मुख्यधारा में वापस लाना और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नशा तस्करों को पकड़वाने में सक्रिय भूमिका निभाना ट्रस्ट का लक्ष्य रहा है लेकिन गानों में नशे को बढ़ा-चढ़ा कर दिखाना, उनके लक्ष्य में बड़ी बाधा बन रहा है। ट्रस्ट ने दोनों मुख्यमंत्रियों से निवेदन किया है कि स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण के लिए ऐसे गीतों पर सख्त रोक लगाने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं।



सिरसा। वर्कशॉप में जानकारी देते प्रवेश सिंगला। फोटो : हरिभूमि

### बाल विवाह व नशे के खिलाफ किया जागरूक

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थित एडीआर सेंटर के कॉफ्रेंस हॉल में शुक्रवार को डिजिटल दुनिया का सुरक्षित प्रबंधन, आशा योजना, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि वर्कशॉप में डिजिटल दुनिया का सुरक्षित प्रबंधन, आशा योजना, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया गया। वर्कशॉप में डिप्टी एलएडीसी केप्टस गिल, सहायक एलएडीसी देवेंदर कौर तथा एडवोकेट कुलदीप ने भी विचार सांझा किए।

## न्यूज डायरी



### चिम्मो के सरकारी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी जानकारियां

**रतिया।** आमजन, विशेषकर बच्चों एवं किशोरों को साइबर अपराधों और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत गांव चिम्मो के सरकारी स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना सदर रतिया में तैनात महिला उपनिरीक्षक राजबाला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों जैसे फर्जी कॉल, ओटीपी शेयर करने से होने वाले नुकसान, सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल, ऑनलाइन गेमिंग व लोन ऐप्स के माध्यम से होने वाली ठगी के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर बिना सोचे-समझे प्रतिक्रिया न दें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। इसके साथ ही महिला उपनिरीक्षक राजबाला द्वारा छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी भी दी गई। उन्हें छेड़छाड़, साइबर स्टॉकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा घरेलू हिंसा जैसे मामलों में सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध कानूनी प्रावधानों के बारे में अवगत करवाया गया।



### सोशल मीडिया पर अपराध को बढ़ावा, शिकारी ग्रुप रतिया के फॉलोवर्स को पुलिस ने किया तलब

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपराधियों द्वारा फॉलोवर्स बढ़ाकर अपराध को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल के नेतृत्व में अपराध शाखा फतेहाबाद द्वारा विशेष कार्रवाई की गई। सीआईए फतेहाबाद द्वारा सोशल मीडिया निगरानी के दौरान इंस्टाग्राम आईडी शिकारी ग्रुप रतिया तथा फेसबुक आईडी जाटग्रांडऑफिशियल के माध्यम से अपराध को बढ़ावा दिए जाने की गतिविधियां सामने आई। इस पर कार्रवाई करते हुए उक्त सोशल मीडिया अकाउंट्स से जुड़े कुल 19 फॉलोवर्स को सीआईए फतेहाबाद में तलब किया गया। कार्रवाई के दौरान थाने पहुंचे सभी फॉलोवर्स को सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया गया। इसके उपरांत सभी व्यक्तियों ने अपनी-अपनी इंस्टाग्राम एवं फेसबुक आईडी से उपरोक्त आईडी को अनफॉलो कर ब्लॉक कर दिया।



टोहाना। ताली कीर्तन के बाद मंदिर कमेटी के साथ ताली कीर्तन मंडली। फोटो : हरिभूमि

# खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

■ प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर व युवा प्रचार मंच ने किया कार्यक्रम का आयोजन

रतिया रोड स्थित श्री प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर में एकादशी के पावन अवसर पर महा ताली संकीर्तन का भव्य आयोजन किया। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर व युवा प्रचार मंच द्वारा किया गया। पुजारी दलीप चंद शास्त्री ने विधि विधान से पूजा करवाई। कार्यक्रम के दौरान महा ताली संकीर्तन नगरी सेवा मंडल ने मधुर भजनों एवं गुणगान के माध्यम से श्री खाटू श्याम की महिमा का गायन किया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस दौरान हारे के सहारे आजा, श्याम बाबा की महिमा अपरमपार है, बाबा तेरी कृपा से सांसे मेरी चलती है। श्रद्धालुओं ने महा ताली संकीर्तन के साथ भजनों में सहभागिता करते हुए आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर श्री प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर युवा प्रचार मंच के सदस्य पवन कुमार बांसल, दलीप कुमार शास्त्री, राजेश गोयल (बबलू), बोबी गोयल, राजेन्द्र, रोशन जिंदल, प्रिंस, रमेश सैनी, इशाल, मिनकु, लक्ष्य कथूरिया, तुषार मित्तल, सक्षम, निखिल, माधव, कुणाल, साहिल, पंकज, नारायण, जयेश, दीक्षित, सहित तथा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसी प्रकार भूना रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर में भी जया एकादशी के पावन दिन खाटू श्याम मंदिर में पुजारी प्रेम प्रकाश शास्त्री के नेतृत्व में कीर्तन किया गया गया।

# साइबर धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ सिरसा निवासी एक व्यक्ति से 2 लाख 19 हजार 300 रुपये की ऑनलाइन ठगी की थी

साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सिरसा निवासी एक व्यक्ति से 2 लाख 19 हजार 300 रुपए की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में आरोपी मोहम्मद इजहान को दिल्ली तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर लिया है। साइबर थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि सिरसा निवासी पीड़ित व्यक्ति प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 4 सिंतबर 2025 को उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से लिंक आया, जैसे ही पीड़ित ने लिंक पर क्लिक किया तो वह टेलिग्राम एप से जुड़ गया। टेलिग्राम एप पर ऑनलाइन ट्रेंडिंग से टॉस्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के विज्ञापन चल रहे थे। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित ने लालच में आकर ऑनलाइन ट्रेंडिंग शुरु कर दी। साइबर अपराधियों ने पीड़ित को छोटा टॉस्क देकर पैसे लगवा लिए और टॉस्क पूरा होने पर उसके खाते में चार गुना पैसे डाल दिए। पीड़ित और अधिक लालच में आ गया और पैसे डबल करने के नाम पर ऑनलाइन ट्रेडिंग कर 2,19,300 रुपए लगा दिए। उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने बड़े पैमाने पर पैसा लगाकर वापस निकालने के लिए लिंक पर क्लिक किया तो लिंक पूर्ण रुप से बंद हो गया। फिर उसे एहसास हुआ की वह साइबर फ्रॉड का शिकार हो गया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर साइबर थाना सिरसा में साइबर अपराधियों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज जांच शुरु की थी।



### बाल विवाह मुक्त बनाने का अभियान जारी, गुरुद्वारों के ग्रंथी, पंडितों व अन्य लोगों को दी जानकारी

**फतेहाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग फतेहाबाद द्वारा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने अपनी सहयोगी कांस्टेबल सरोज, थाना प्रभारी सदर और थाना प्रभारी शहर के साथ फतेहाबाद में जागरूकता गतिविधियां संचालित कीं। अभियान के दौरान थाना के सहयोग से फतेहाबाद एरिया के गुरुद्वारों के ग्रंथी, पंडित, पैलेस के प्रबंधक, धर्मशाला के संचालक, कैटरिंग वाले, डी जे साउंड वाले एवं फोटोग्राफरों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें निर्देश दिए गए कि आगामी विवाह आयोजनों से पूर्व दूल्हा व दुल्हन की आयु से संबंधित दस्तावेजों की पूरी जांच करें तथा जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल प्रमाण पत्र के आधार पर ही आयु सत्यापित करें, केवल आधार कार्ड के आधार पर आयु न मानें। साथ ही दस्तावेजों की एक-एक प्रतिलिपि अपने रिकॉर्ड में सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए।

### छात्र हरदिल अमेरिका में दिखाएगा तीरंदाजी के जौहर

**सिरसा।** जिला के गांव सिकंदरपुर स्थित 9 टू 1 स्कॉलर हेवन स्कूल के कक्षा 7वीं के होनहार छात्र हरदिल का चयन अंतरराष्ट्रीय आर्चरी टूर्नामेंट के लिए हुआ है, जोकि न केवल विद्यालय, बल्कि जिले के लिए भी गर्व का क्षण है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अंजू शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता आगामी 26 मार्च से 29 मार्च तक संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित की जाएगी। कम उम्र में ही हरदिल ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। अमेरिका जैसे देश में भारत का प्रतिनिधित्व करना न केवल हरदिल, बल्कि पूरे सिरसा जिले और हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों में इस उपलब्धि को लेकर जबरदस्त उत्साह है। स्कूल के निदेशक एवं शिक्षकों ने भी हरदिल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। वहीं परिवारजनों ने भी हरदिल की मेहनत पर खुशी जाहिर की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. शर्मा ने कहा कि हरदिल की इस उपलब्धि से यह साबित होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अगर सही मार्गदर्शन और मेहनत करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

### जानलेवा चाइनीज मांझे से दूर रहने और कानून का पालन करने की अपील



■ भोडिया खेड़ा में पतंगबाजी के दौरान मासूम बच्ची की मौत के बाद एसपी ने दी चेतावनी

**फतेहाबाद।** हाल ही में गांव भोडिया खेड़ा में पतंग उड़ाते समय छत से गिरने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। यह अत्यंत पीड़ादायक एवं समाज के लिए चेतावनी देने वाली घटना है। जिले में पतंगबाजी के दौरान घटित एक दुखद हादसे को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने चाइनीज मांझे के प्रयोग, बिक्री एवं भंडारण को लेकर आमजन के लिए जनहित एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं यह स्पष्ट करती हैं कि असुरक्षित तरीके से पतंगबाजी करना और खतरनाक मांझे का उपयोग बच्चों के जीवन के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। चाइनीज मांझा न केवल पतंग उड़ाने वालों बल्कि आम नागरिकों, पशु-पक्षियों एवं दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी गंभीर खतरा बनता है। उन्होंने बताया कि चाइनीज मांझे का उपयोग, बिक्री और भंडारण पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा इसका उल्लंघन करना कानूनन अपराध है। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर चोरी-छिपे इसका प्रयोग किया जाना अत्यंत चिंताजनक है, जिस पर पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। एसपी ने अभिभावकों से विशेष रूप से अपील की कि वे अपने बच्चों को छतों पर बिना सुरक्षा के पतंग उड़ाने से रोकें तथा उन्हें चाइनीज मांझे जैसे जानलेवा साधनों से दूर रखें। पतंगबाजी के दौरान केवल सुरक्षित एवं स्वीकृत मांझे का ही प्रयोग किया जाए। साथ ही जिले के सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई भी दुकानदार चाइनीज मांझे की बिक्री करते पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




### विद्यार्थियों को भारत-जी राम जी, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत अभियान के प्रति किया जागरूक

**फतेहाबाद।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय केंद्रीय संचार ब्यूरो, हिसार द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर जागरूकता के लिए शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को सरकारी योजनाओं विकसित भारत- जी राम जी, आयुष्मान भारत योजना और स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मनोहर मैमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद की उप-प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी कोहली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उप-प्राचार्या द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा को मद्देनजर रखते हुए स्वच्छता शपथ ग्रहण करवाई गई और स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।विकसित भारत जी राम जी के कार्यक्रम अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि संदीप कुमार ने विकसित भारत-जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार के प्रयासों से अवगत कराया। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. लाजवंती गौरी द्वारा आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी।

### महिला की तुलना में अधिक सुरक्षित है पुरुष नसबंदी: सीएमओ

**सिरसा।** दंपत्तियों के प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए पुरुषों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। प्रजनन स्वास्थ्य की दृष्टि से पुरुष नसबंदी एक महत्वपूर्ण और प्रभावी विकल्प है, जो महिला नसबंदी की तुलना में अधिक सुरक्षित मानी जाती है। पुरुष नसबंदी एक साधारण शल्य प्रक्रिया है, जिसमें न्यूनतम संसाधनों और बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 10 फरवरी तक विशेष पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पुरुष नसबंदी से संबंधित विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

### महिला कॉलेज में नेल आर्ट कार्यशाला

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में दो दिवसीय नेल आर्ट कार्यशाला हुई। कालेज प्रवक्ता डॉ. कपिल सैनी ने बताया कि इस कार्यशाला का आयोजन कार्यकारी महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रभारी प्रो. निर्मला द्वारा किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षक शिवानी ने छात्राओं को नेल आर्ट की नवीन एवं आकर्षक तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने आधुनिक डिजाइन, रंग संयोजन, नेल केयर तथा प्रोफेशनल नेल आर्ट के व्यवहारिक पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्राओं ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नई तकनीकों को सीखा। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने छात्राओं से कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्राओं के कौशल विकास के साथ-साथ स्वरोजगार की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महाविद्यालय में चल रही सिलाई प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत प्रशिक्षक रूबी जैन द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को शूट एवं अन्य परिधानों की कटिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है।

### घग्गर बेल्ट में कैंसर रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए सरकार: सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा की जनता पिछले 11 वर्षों से केवल वादों और इंतजार के दौर से गुजर रही है। डबल इंजन सरकार के दावे तो बार-बार किए गए, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस लंबे समय में प्रदेश को एक भी ठोस नई विकास परियोजना नहीं मिल पाई, जिससे जनता को सीधा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में हालात चिंताजनक हैं। मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर किया गया, बजट में कटौती कर ग्रामीण गरीबों से काम का अधिकार छीन लिया गया। दूसरी ओर, किसान आज भी अपने मुआवजे की प्रतीक्षा कर रहे हैं और काफी संख्या में लोग अब तक वंचित हैं।

## चौधरी देवीलाल विवि में जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

# संत रविदास की वाणी आज भी प्रासंगिक: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। संत रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि संत गुरु रविदास की वाणी युगातीत होते हुए भी आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक मनोवृत्ति से ही समाज, पर्यावरण एवं राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है। कुलपति प्रो. विजय कुमार शुक्रवार को सीडीएलयू में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने विद्यार्थियों से आत्मसंघर्ष, आत्मचिंतन एवं सकारात्मक ऊर्जा के संरक्षण का आग्रह करते हुए कहा कि गुरुरविदास जी ने भेदभाव-रहित समाज की परिकल्पना की,जहां भी मनुष्य समान हो। मन जीते तो जग जीते का संदेश देते हुए उन्होंने नशामुक्त, मूल्यनिष्ठ और संवेदनशील समाज निर्माण पर बल दिया। संत शिरोमणि गुरु रविदास पीठ के प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि गुरु रविदास जी की विचारधारा सामाजिक समानता, श्रम की गरिमा और मानव-मात्र की एकता पर आधारित है। उन्होंने युवाओं से गुरु की वाणी को केवल पढ़ने नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पंजाबी विभाग के छात्र हरजिंदर सिंह ने किरत करो के सिद्धांत पर विचार व्यक्त किए।

### विद्यार्थियों ने शबद गायन प्रस्तुत किया

पंजाबी विभाग की छात्रा पूजा ने गुरु रविदास जी की बेगमपुरा की अवधारणा को सामाजिक न्याय और समता का आदर्श मॉडल बताया। संस्कृत विभाग की शोधार्थी प्रोमिला ने गुरु रविदास की वाणी के दार्शनिक पक्ष पर प्रकाश डाला। संगीत विभाग के प्राध्यापक डॉ. विनोद व विद्यार्थियों द्वारा शबद गायन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजकुमार, प्रो. सुरेंद्र सिंह, डॉ. रविंदर, डॉ. जसबीर भारत, डॉ. कमलेश, गुरसाहिब सिंह सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को बांटी सहायता सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शुक्रवार को कुष्ठ रोग दिवस पर कुष्ठ आश्रम डबवाली व कुष्ट आश्रम सिरसा में कंबल, किचन सैट, बाल्टी, मग, व्हील चेयर व बैसाखी का वितरण किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बेनीवाल ने बताया कि कुष्ठ आश्रम सिरसा में 11 परिवार तथा कुष्ठ आश्रम डबवाली में 15 कुष्ठ रोगियों के परिवार निवास कर रहे हैं। इन 26 परिवारों के लिए राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ से 26 कंबल, 26 किचन सैट, 26 बाल्टियां व 26 मग प्राप्त हुए थे जिसे ''कुष्ठ रोग दिवस'' पर कुष्ठ आश्रमों में वितरित गया। इसके अलावा डबवाली कुष्ठ आश्रम के दो दिव्यांग व्यक्तियों को व्हीलचेयर व बसाखियां भी सहायता के रूप में भी उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी, उप अधीक्षक पवन राणा, सहायक राहुल अरोड़ा व आजीवन सदस्य कैलाश पूनियां भी उपस्थित थे।

**सूचना**

मैं स्वर शर्मा पुत्र अनिल शर्मा निवासी शिव नगर, भट्टू रोड, फतेहाबाद जिला फतेहाबाद हल्फिया बयान करता हूं कि मेरे मेट्रिक और 12वीं के प्रमाण पत्र में मेरी माता का नाम Rajnish Sharma लिखा गया है जोकि गलत है जबकि मेरे पासपोर्ट नं. 9026251 में मेरी माता का नाम Rajneesh Sharma लिखा हुआ है जोकि सही है। Rajnish Sharma व Rajneesh Sharma दोनों नाम मेरी माता के है और एक ही महिला के हैं।

# गांधी जी का जीवन हमें सादगी, त्याग और सेवा की प्रेरणा देता है : प्रवीण जोड़ा

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में किया नमन



फतेहाबाद। महात्मा गांधी को नमन करते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। दो मिनट मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को याद करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। दो मिनट मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को याद करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

बीजेपी जिला कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बीजेपी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश की आजादी में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि महात्मा गांधी न केवल भारत की आजादी के महानायक थे, बल्कि वे सत्य, अहिंसा और सद्भाव के प्रतीक भी थे। गांधी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि बिना हथियार उठाए भी बड़े से बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। जोड़ा ने कहा कि गांधी जी का जीवन हमें सादगी, त्याग और सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को ही सच्चा राष्ट्र निर्माण बताया। आज के समय में हमें गांधी जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है, ताकि समाज में आपसी भाईचारा, शांति और समरसता बनी रहे। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं को विशेष रूप से गांधी जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में आगे आना चाहिए। इस अवसर पर जगदीप मोंगा, पूनम सिंगला, भारती सचदेवा, वीणा गिलहोत्रा, नीलाशी शर्मा, मंजीत शर्मा, आर्यन ग्रोवर, राजेश मुद्गल, सुरेंद्र बिश्नोई, रामकुमार मेहरा, अमृतपाल सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दो मिनट का मौन रख स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया नमन

**फतेहाबाद।** स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में प्रातः 11 बजे 2 मिनट का मौन धारण किया गया। नगराधीश गौरव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीरों की याद में जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में मौन रखा गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी हमारे शहीदों के अद्वितीय साहस, त्याग और समर्पण का परिणाम है, जिसे सदैव स्मरण रखा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करें। साथ ही राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लें। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके त्याग और बलिदान को नमन किया। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, डीएसपी कुलवंत सिंह, उपनिदेशक अमित पंवार, जिला वन अधिकारी राजेश लीलड़, डीआईओ सिकंदर, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को पुलिस कर्मचारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**फतेहाबाद।** भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की पुण्य स्मृति में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, फतेहाबाद में प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के अद्वितीय त्याग, साहस और बलिदान के सम्मान स्वरूप जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में श्रद्धापूर्वक मौन रखा गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी शहीदों के अमर बलिदान की देन है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका संघर्ष और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करें तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य करें। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौन धारण कर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। सभी ने देश की आजादी के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।



सिरसा। मनरेगा के विरोध में रोष जाहिर करते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

# कांग्रेसियों ने पुण्य तिथि पर राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर के गांधी पार्क में जिला कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे, जिन्होंने आजादी की जंग में भारतीयों को एक किया और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता दिलाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने सच्चाई, संयम और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यूपीए शासन में महात्मा गांधी के नाम पर शुरू की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा को खत्म करने की साजिश के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कालांवाली से विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण भारत को आर्थिक सुरक्षा देने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। इस योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को हर साल 100 दिन का रोजगार मिला, जिससे पलायन रूका और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली। लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार लगातार मनरेगा का बजट घटा रही है, मजदूरी भुगतान में देरी हो रही है और तकनीकी बाधाओं के जरिए मजदूरों को काम से वंचित किया जा रहा है। ऐलनाबाद से वधायक भरत सिंह बैनीवाल ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों का कानूनी अधिकार है, जिसे किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीब, किसान और मजदूरों की आवाज बनकर सरकार को जनविरोधी नीतियों से पीछे हटने के लिए मजबूर कर देगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि मनरेगा के तहत 200 दिनों का काम सुनिश्चित किया जाए और मजदूरी दर को महंगाई के अनुरूप बढ़ाया जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर नवीन केडिया, अमीर चावला, वीरभान मेहता, संदीप नेहरा, उर्मिल भारद्वाज, आनंद बियानी, सुभाष जोधपुरिया, सुमित बेनीवाल, लालूराम पूनिया, गजानंद सोनी, मा. दलीप, तिलक चंदेल, कपिल सरावगी सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि





सिरसा। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनको नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सिरसा।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को राजकीय मॉडल सांस्कृतिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां के प्रांगण में श्रद्धा, सम्मान और गरिमा के साथ एक विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। मुख्य वक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष, विचारों और उनकी विचारधारा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक ही नहीं थे, बल्कि वे पूरी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक विचारधारा हैं। ग्रोवर ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को केवल उपदेश के रूप में नहीं, बल्कि अपने जीवन का आधार बनाया। उन्होंने बिना हथियार उठाए, बिना हिंसा के, पूरे विश्व को यह संदेश दिया कि नैतिक शक्ति, आत्मबल और सत्य के मार्ग पर चलकर भी बड़े से बड़ा परिवर्तन संभव है। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मनीष मेहता, प्रकाश सिंह, रोहित, भारत भूषण, राजेश कुमार, दलजीत सिंह, रोहताश कुमार, अवतार सिंह, देशराज, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, सुखविंद्र सिंह आदि रहे।





फतेहाबाद। गांधी को नमन करते नागरिक अधिकार मंच के सदस्य।

### नागरिक अधिकार मंच ने किया गांधी को नमन

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के बाहर जीटी रोड के पास स्थित शहीद स्मारक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नागरिक अधिकार मंच द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर भावपूर्ण पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर मंच के कन्वीनर राजीव सेतिया ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और प्रेम के संदेश को याद करते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी युग में इन मूल्यों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। कार्यक्रम में विनोद कक्कड़ ने भी अपने विचार रखे और महात्मा गांधी की विचारधारा से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर सह-संयोजक दुष्यंत शर्मा, पार्षद मोहन लाल नारंग, पार्षद सुखदेव सिंह, गुलशन रूखाया, पवन शर्मा, विनोद अरोड़ा, शम्मी रत्ती, राजेंद्र मलिक, केदार जांगड़ा, मोहन लाल सैनी, अरविंद मोगा, बनारसी दास मोंग आदि रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- स्वतंत्रता सैनानियों की बदौलत आज खुले में सांस ले रहे हम

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की याद में शुक्रवार को सिरसा के लघु सचिवालय परिसर में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उपायुक्त शांतनु शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत, एसडीएम राजेंद्र कुमार, जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र, जिला खजाना अधिकारी नरेंद्र ढुल, डीआरओ संजय बिश्नोई सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों के बलिदान के कारण ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उनका बलिदान हमें देशभक्ति और राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।



सिरसा। स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि देते अधिकारी व कर्मचारी।

**एसपी कार्यालय पर भी रखा दो मिनट का मौन**

डीसी ने कहा कि देश के विकास और एकता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। डीएसपी आदर्शदीप सिंह ने कहा कि इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन का महत्व हमें भारत की स्वतंत्रता के लिए अनगिनत व्यक्तियों द्वारा किए गए बलिदानों की याद दिलाने में निहित है। यह देशभक्ति, साहस और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता के मूल्यों को प्रतिबिंबित करने और युवाओं को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के समृद्ध इतिहास के बारे में बताने का दिन है।

# चौधरी देवीलाल ने बुढ़ापा पेंशन बुजुर्गों के सम्मान के लिए शुरू की थी, न कि आय के आधार पर : सुनैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

### बुढ़ापा पेंशन से आय की शर्त को तुरंत खत्म करे सरकार



सुनैना चौटाला ने कहा कि बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग सम्मान निधि सरकार द्वारा नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मान स्वरूप दी जाने वाली सहायता राशि है, न कि नियमित आय का स्रोत। जननायक चौधरी देवीलाल ने बुढ़ापा पेंशन बुजुर्गों के सम्मान के लिए शुरू की थी न कि आय के आधार पर। हरियाणा सरकार बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग पेंशन के लिए आय की शर्त को तुरंत खत्म करें ताकि पेंशन को काटने से रोका जा सके।

इंडियन नेशनल लोकदल महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार एक सुनियोजित साजिश के तहत बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग समेत अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन काट रही है। हरियाणा सरकार ने फैमिली आईडी को मुख्य आधार बनाकर पति-पत्नी की संयुक्त वार्षिक आय 3 लाख से अधिक दिखा कर बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग समेत अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन काटनी शुरू कर दी है। फसल बिक्री 1 लाख 80 हजार रुपए से अधिक है तो कुल आय 3 लाख रुपए मानी जा रही है। बिजली बिल सालाना 24 हजार रुपए से ज्यादा होने पर आय बढ़ाकर दर्ज हो रही है। आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरने से भी परिवार की आय अधिक मानी जा रही है। लाल डोरे में 400 गज से अधिक प्लॉट होने पर आय में इजाफा दिखाया जा रहा है। लगातार 6 महीने तक राशन न लेने पर भी फैमिली आईडी में आय बढ़ाई जा रही है। भाजपा सरकार के इस सामाजिक सुरक्षा पेंशन विरोधी निर्णय से पेंशन पर आश्रित लाखों लोग प्रभावित होंगे। सुनैना चौटाला ने कहा कि दूसरी तरफ शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा उनके आश्रित अभिभावकों के इलाज के लिए प्रस्तुत किए गए मेडिकल बिलों के भुगतान के समय संबंधित विभाग द्वारा पारिवारिक आय की गणना में बुजुर्ग सम्मान निधि को शामिल किया जा रहा है और आपत्ति लगाकर मेडिकल बिलों को खारिज कर रहे हैं।



फतेहाबाद। महिला कॉलेज में जागरूकता व्याख्यान को संबोधित करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वर्षा। फोटो : हरिभूमि

### व्याख्यान में छात्राओं ने सीखे स्वस्थ जीवन के गुर

**फतेहाबाद।** चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में महिला प्रकोष्ठ एवं एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर ने की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ महिलाओं पर टिकी होती है, इसलिए छात्राओं का स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वर्षा ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं में होने वाली सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेष रूप से मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए उन्होंने संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. वर्षा ने बताया कि सही जानकारी और समय पर उपचार से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। व्याख्यान के दौरान छात्राओं और एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने स्वास्थ्य से जुड़े प्रश्न पूछे। डॉ. वर्षा ने सरल भाषा में सभी प्रश्नों के उत्तर देकर छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया।

# एडीएस सेंटर फतेहाबाद में आशार वर्कर्स को साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेती आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस द्वारा आमजन, विशेषकर महिलाओं को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना साइबर फतेहाबाद में तैनात महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता के नेतृत्व में एडीएस सेंटर फतेहाबाद में आशा वर्करों के लिए विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आशा वर्करों को साइबर क्राइम के विभिन्न तरीकों जैसे फर्जी कॉल, फिशिंग लिंक, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी केवाईसी अपडेट कॉल तथा डिजिटल अरेस्टिंग जैसे नए साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला एएसआई सुनीता द्वारा डिजिटल अरेस्टिंग की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाते हुए बताया गया कि किस प्रकार अपराधी स्वयं को पुलिस या अन्य सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को डराकर पैसे ऐंठने का प्रयास करते हैं। इसके साथ ही आशा वर्करों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, मजबूत पासवर्ड रखने, अनजान लिंक या ऐप डाउनलोड न करने, अपनी निजी जानकारी साझा न करने तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की प्राइवेसी सेटिंग्स को सही ढंग से इस्तेमाल करने के बारे में भी जागरूक किया गया।

### तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

- देशभक्ति के गीतों का गायन भी हुआ

**सिरसा।** श्रीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल फूलकां में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य आर्कषण का केंद्र रही 100 मीटर दौड़, रस्साकशी, तीन पैर दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ व बोरी दौड़ रही। इन प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और खेल के महत्व को समझा। स्कूल चेयरमैन पवन सिंह कुलडिया ने बताया कि पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है, जिसको लेकर खेल कार्यक्रम का आगाज बीती 26 जनवरी विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रगान के साथ तिरंगा झंडा फहराकर की गई। इस दौरान देशभक्ति की गीतों का गायन भी हुआ। तदोपरांत खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें 100 मीटर दौड़, रस्साकशी, तीन पैर दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, बोरी दौड़, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन सहित कई रोचक प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्याध्यापक राकेश कुमार ने भी सभी प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया।

**तैयारी** पूर्व विधायक और कार्यवाहक डीसी पहुंचे गांव पीलीमंदौरी

# पंडित जसराज जयंती पर राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर मंथन

प्रदेश सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के कर रही कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान साधक, पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित जसराज की जयंती के अवसर पर 2 फरवरी को जिला फतेहाबाद के गांव पीलीमंदोरी में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। समारोह की तैयारियों के दृष्टिगत पूर्व विधायक दुड़ाराम व कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समारोह स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य कार्यक्रम स्थल, मंच एवं पंडाल व्यवस्था, अतिथियों एवं आमजन के लिए बैठने की व्यवस्था, पार्किंग स्थल, हेलीपैड, यातायात एवं सुरक्षा प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता तथा चिकित्सा सेवाओं सहित समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय कार्यक्रम की गरिमा एवं महत्व को दृष्टिगत रखते हुए सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न किया जाए।



फतेहाबाद। गांव पीलीमंदोरी में राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम में सीएम सैनी करेंगे शिरकत

कार्यवाहक उपायुक्त ने बताया कि समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य अतिथि शामिल होंगे, जिसके मद्देनजर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को विशेष रूप से सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीडीए डॉ. राजेश सिहाग, उपनिदेशक अमित पंवार, बीडीपीओ भजन लाल शर्मा, जिप सदस्य ओपी मालिया, वाइस चेयरमैन बंसीलाल जांडवाला, सरपंच धर्मवीर गोरछिया, मेनपाल गोदारा सहित पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसएमएएम स्कीम के तहत किसानों को अनुदान पर दिए जाएंगे कृषि यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर 16 फरवरी तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान एसएमएएम स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों के लिए 25 तरह के कृषि यंत्र अनुदान पर दिए जा रहे हैं। कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट पर 16 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि स्मैम स्कीम के तहत व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्रों में बैटरी/बिजली/सोलर आधारित घास निकालने की मशीन, सैल्फ प्रोपैल्ड मल्टीटूल मशीन, स्वचालित उच्च निकासी बूम स्प्रे मशीन, ट्रेक्टर संचालित साइलेज मशीन, बैटरी आधारित उर्वरक छिडक़ाव मशीन, ट्रेक्टर द्वारा संचालित उर्वरक छिडक़ाव मशीन, ट्रैक्टर द्वारा संचालित हाइड्रोलिक गांठ बनाने की मशीन, सब सोइलर, मल्टीक्रॉप बैड प्लांटर, स्वचालित धान लगाने की मशीन, फसल साफ करने का पंखा, पिसाई मशीन, ट्रेक्टर चालित मक्का निकालने की मशीन, न्यूमैटिक प्लांटर, तेल निकालने की मशीन, गन्ना कटाई की मशीन, कपास श्रीडेर मशीन, गोबर सुखाने की मशीन, गोबर की गिट्टी बनाने की मशीन, धान सुखाने की मशीन, लेजर लैंड लैवलर (कंप्यूटर गोडी), रोटावेटर, ट्रैक्टर द्वारा संचालित घास निकालने की मशीन, आलू लगाने की मशीन आदि शामिल है।